3. शब्द तथा वाक्य
(Words And Sentences)

शब्द

नीचे लिखे चित्रों के नामों का सस्वर उच्चारण कीजिए–



कमल

सड़क

नगर

यदि हम इन शब्दों को इस प्रकार लिखें–लमक, ड़सक, रनग, तो इनका कोई अर्थ नहीं निकलता।

वर्णों का वह मेल जिसका कोई अर्थ हो शब्द कहलाता है।

आपने जाना

- लिखित ध्वनि **वर्ण** कहलाती है।
- वर्णों का सार्थक मेल **शब्द** बनाता है।

शब्द में वर्णों का समूह होना चाहिए तथा उसका कोई निश्चित अर्थ होना चाहिए।

क्या आप जानते हैं?

- **इन वर्णों को उचित क्रम में लगाकर शब्द बनाइए:**

1. पे भ र ट	-	भरपेट	4. ह ट मा र ग	-	गरमाहट
2. त र औ	-	औरत	5. ठा मि स	-	मिठास
3. अ र ज ग	-	अजगर	6. र ल स	-	सरल

वाक्य

लीना खेल रही है।

पेड़ पर बंदर बैठा है।

दो या दो से अधिक शब्दों के योग से सार्थक वाक्य बनता है। यदि हम कहें, 'है रही खेल लीना' तो यहाँ वाक्य का कोई अर्थ नहीं निकलता।

जिन शब्द समूहों का कोई-न-कोई अर्थ हो, वे **वाक्य** कहलाते हैं।

पाठ का सार

- शब्दों का अर्थवान मेल वाक्य का निर्माण करता है।
- अर्थयुक्त वाक्य भाषा की उपयोगिता के लिए आवश्यक है।

अभ्यास

1. उचित उत्तर पर निशान (✓) लगाइए-

क. सार्थक वर्णों का समूह ___शब्द___ कहलाता है।

i. स्वर ☐ ii. शब्द ☑ iii. वाक्य ☐

ख. सार्थक शब्दों का समूह ___वाक्य___ कहलाता है।

i. व्यंजन ☐ ii. शब्द ☐ iii. वाक्य ☑

2. यहाँ दिए गए वाक्यों को उपयुक्त चित्रों से मिलाइए-

क. राम ने धनुष उठाया। — i.

ख. सूरज ढलने लगा। — ii.

ग. मीना नाचने लगी। — iii.

घ. बुलबुल बाग में बैठी है। — iv.

ङ. बच्चे फुटबाल खेल रहे हैं। — v.

3. निम्नलिखित शब्दों को सही रूप में लिखिए–

क.	रनग	नगर	छ.	विलयद्या	विद्यालय
ख.	लमक	कमल	ज.	शालापाठ	पाठशाला
ग.	गलशम	शलगम	झ.	रघ	घर
घ.	रदअक	अदरक	ञ.	बचागी	बगीचा
ङ.	आशका	आकाश	ट.	महल जता	ताजमहल
च.	लाताब	तालाब	ठ.	नची	चीन

4. निम्नलिखित शब्द समूहों को उचित क्रम में रखकर अर्थवान वाक्य बनाइए–

क. घोड़ा है तेज़ दौड़ता

घोड़ा तेज़ दौड़ता है।

ख. मित्र नाम का मेरे है अतुल

मेरे मित्र का नाम अतुल है।

ग. मेरे एक घर में है तोता हरा

मेरे घर में एक हरा तोता है।

घ. उसके जाएँगे कल पिताजी

उसके पिताजी कल जाएँगे।

बौद्धिक प्रश्न

• यहाँ कुछ निरर्थक शब्द दिए जा रहे हैं। उनके साथ प्रयुक्त होने वाले सार्थक शब्द लिखिए–

जैसे- **शाय** - **चाय** **(बोलने में चाय-शाय)**

क. वॉफी - कॉफ़ी (बोलने मे कॉफी-वॉफी)

ख. वानी - पानी (बोलने मे पानी-वानी)

ग. शमक - नमक (बोलने मे नमक-शमक

घ. वंछी - पंछी (बोलने मे पंछी-वंछी)

ङ. शाग - आग (बोलने मे आग-शाग)



13/5/21

H.W

हिंदी व्याकरण
पाठ-3
शब्द तथा वाक्य

प्र०-1 शब्द किसे कहते है?
उ०-1 वर्णों का वह मेल जिसका कोई अर्थ हो शब्द कहलाता है।

प्र०-2 वाक्य किसे कहते है?
उ०-2 जिन शब्द समूहों का कोई - न कोई अर्थ हो, वे वाक्य कहलाते है।

प्र०-3 निम्नलिखित शब्दों को सही रूप में लिखिए -

(क) रनग - नगर
ख लमक - कमल
ग गलशम - शलगम
घ रदअक - अदरक
ङ आशका - आकाश
च लताब - तालाब
छ विलयद्य - विद्यालय
ज शालापाठ - पाठशाला
झ रघ - घर
ञ बचागी - बगीचा
ट महलजता - ताजमहल
ठ नची - चीन